# 1 भाषा
## (Language)

ऊपर के चित्र में आपने देखा कि माँ, पिता, बच्चे, दुकानदार और ट्रैफिक पुलिस वाला अपनी-अपनी बात बोलकर या इशारों से व्यक्त कर रहे हैं।

आपने सीखा :- मन की बात कहना या समझाना ही भाषा है।

हम पूछें, आप बताएँ:- आप अपनी मम्मी के साथ कौन-सी भाषा बोलते हैं?

शिक्षण संकेत:- कुत्ता, बिल्ली, चिड़िया, गाय आदि भी अपनी बात को अपनी आवाज़ से एक दूसरे को बताते हैं। पशु-पक्षियों की बात हमें समझ नहीं आती लेकिन वे आपस में अपनी बात खूब अच्छी तरह समझ जाते हैं। ये ठीक वैसे ही जैसे हम अपनी भाषा को समझते हैं।

# 5 नाम वाले शब्द
## (Naming Words)

बच्चो, इस चित्र को ध्यान से देखिए।

आपने देखा, ऊपर चित्र में सभी को आप नाम से बता सकते हैं।

जैसेः- चिड़ियाँ उड़ रही हैं, पेड़ हरे हैं, फूल खिल रहे हैं,
लड़का-लड़की आदि-आदि।
इसी प्रकार जो भी हम देखते हैं, छूते हैं,
उनका नाम होता है। ऐसा कुछ भी नहीं जिसका नाम न हो।

आपने सीखा - सबके नाम होते हैं। हम उन्हें उनके नाम से बुलाते हैं।

### ❁ हम पूछें, आप बताएँः

(1) आपकी कक्षा में आप क्या-क्या देख रहे हैं? उनके नाम बताइए।
(2) आज सुबह नाश्ते में आपने क्या-क्या खाया?

# चित्रवर्णन
## (Picture-Composition)

बारिश में आप क्या-क्या करते हैं?
दिए गए प्रश्नो में सही का निशान (✓) लगाओ।

1. यहाँ किस दृश्य का चित्र है?

(क) सर्दी (ग) गर्मी
(ख) बारिश (घ) पतझड़

2. मनु ने क्या पहना है?

(क) कमीज़ (ग) बरसाती
(ख) फ्रॉक (घ) कुरता

3. सोनू ने बारिश से बचने के लिए हाथ में क्या पकड़ा है?

(क) गुब्बारा (ग) गुड़िया
(ख) पतंग (घ) छाता

4. तालाब में कौन-सा फूल है?

(क) गुलाब (ग) कमल
(ख) गेंदा (घ) चमेली

5. इन्द्रधनुष में कितने रंग हैं?

(क) पाँच (ग) सात
(ख) दस (घ) आठ

6. दो बच्चे पानी में क्या बनाकर तैरा रहे हैं?

(क) नाव (ग) कार
(ख) मोटर (घ) जहाज़